# जवाहरलालनेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी** **क्रमांक–33**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी** **दिनांक–03.04.2025**

## डॉ. रामस्वरूप रघुवंशी बने कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष

**जबलपुर 03 अप्रैल, 2025।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. रामस्वरूप रघुवंशी को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग का आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. आर.एस. रघुवंशी कृषि अध्ययन योजना में प्रक्षेत्र अधिकारी के पद पर वर्ष 2023 से पदस्थ हैं। आपने 51 शोधपत्र, 22 रेडियो वार्ता, 15 एमएससी एग्रीकल्चर थीसिस में मेजर एडवाइजर, 20 से अधिक में को–एडवाइजर रहे हैं।

डॉ. आर.एस.रघवंशी को कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी. एस. द्विवेदी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी–कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।